RAF SECTOR

NEWS CLIP

02/02/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran (Hazaribagh,Jharkhand)

रैफ जवानों ने की मॉक ड्रिल, धमाके से गूंजा पूरा इलाका

जासं, हजारीबाग : शहर का पीटीसी प्रशिक्षण ग्राउंड शुक्रवार संध्या भीड़ के नारे और धमाकों से गूंज उठा। स्टोन सेल और ग्रेनेड के धमाकों से ऐसा महसूस हुआ कि शहर में कहीं दंगा हो गया। पता चला कि रैपिड एक्शन फोर्स के जवान दंगा नियंत्रण ड्रिल का प्रदर्शन कर रहे थे। शाम पांच बजे रैफ के जवान उग्र मजमे पर नियंत्रण करने के लिए अपनी जवाबी कार्रवाई करते दिखाई दे रहे थे। दूसरी ओर दंगाइयों की शक्ल में पुलिस कर्मी थे। दंगा नियंत्रण ड्रील रैफ के कंपनी कमांडर सह उप कमांडेंट परशुराम कुंड, निरीक्षक तापस जोश व निरीक्षक वृजेश यादव के नेतृत्व में दिखाया जा रहा था। इस ड्रील के दौरान रैफ ने यह दिखाया कि किस प्रकार दंगा को नियंत्रण किया जाता है। यह ड्रील पुलिस अकादमी, झारखंड पुलिस पीटीसी ग्राउंड, हजारीबाग में



मॉकड्रिल देखते कमांडेंट व अन्य • जागरण

मॉक ड्रिल में शामिल रैफ के जवान • जागरण

दिखाया गया। मौके पर तकरीबन पांच सौ नव प्रशिक्षु एसआई व मेजर ने दंगा नियंत्रण डेमो को देखा और व्यावहारिक जानकारी हासिल की। डेमो के दौरान उग्र भीड़ की भूमिका में दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी थे, वे 'हमारे नेता को छोड़ दो' और 'पुलिस प्रशासन मुर्दा बाद' के नारे लगाते आगे बढ़ रहे थे। तो दूसरी ओर दर्जनों रैफ के जवान तैनात थे। मौके पर उप कमांडेंट परशुराम कुंड ने बताया कि रैफ द्वारा डेमो में दिखाए गए साजो सामान और अश्रु गैस आदि अत्याधुनिक है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की कार्यवाही करने पर लोगो को कम से कम नुकसान तथा अधिक से अधिक दंगाइयों पर नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होने यह भी बताया कि रैफ एक धर्मनिरपेक्ष फोर्स है, जो दंगाईयों से निपटने के लिए तत्पर रहता है। मौके पर पुलिस एजुडेंट केके नेवार, संजय कुमार सिंह आदि थे।

Prabhat Khabar (Hazaribagh,Jharkhand)

जवानों ने सीखे दंगाइयों से निबटने के गुर

मॉक ड्रिल में शामिल जवान.

➲ जवानों ने दंगा पर काबू पाने के लिए किया मॉक ड्रिल, दिखाये करतब

प्रतिनिधि ▷ हजारीबाग

जमशेदपुर से आयी आरएएफ़ 106 कंपनी ने हजारीबाग स्थित पीटीसी ग्राउंड में दंगा पर काबू होने के लिए मॉक ड्रिल किया. आरएएफ के जवानो ने दंगा पर कैसे नियंत्रण करें, इस पर अभ्यास किया. दंगा के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने समेत आंसू गैस का उपयोग आदि का भी अभ्यास किया.

इसके अलावा बल प्रयोग करने और लोगों को सुरक्षित रखने के तरीके पर अभ्यास किया. दंगा के दौरान घायलों को स्ट्रेक्चर से अस्पताल पहुंचाने से

लेकर अन्य गतिविधि को दर्शाया. कंपनी के उपसमादेष्टा प्रसुनराम कुंडा ने कहा कि मॉक ड्रील में टीम स्पलेटिंग, टीम वेज, टीम एक्सटेंडेंट, दंगा नियंत्रण पार्टी, गैस एलिमेंट पार्टी आगे और फायर एलिमेंट पार्टी ने दंगा को नियंत्रण करने का मॉक ड्रिल किया. मौके पर कंपनी के निरीक्षक ब्रजेश यादव, तापस जोश, सहायक निदेशक रोशन गुडिया एवं मेजर इंचार्ज एकेपी सिंह समेत प्रशिक्षु दारोगा व डीएसपी आदि मौजूद थे.

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

lh0vkj0ih0,Q0 Ink vts;] Hkkjr ekrk dh t;A